

अंतरराष्ट्रीय करियर में 165 विकेट चटकाए

साइमंड्स ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 165 विकेट चटकाए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 24, एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 133 जबकि टी20 मुकाबलों में आठ विकेट हासिल किए। विश्व कप 2003 के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलिया की टीम जब 86 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी तो उन्होंने 125 गेंद में 143 रन की तूफानी पारी खेली जो उनके करियर की सबसे यादगार पारी रही। साइमंड्स ने 1998 में पदार्पण करने के बाद एकदिवसीय मुकाबलों में छह शतक की मदद से 5088 रन बनाए।

## एंड्रयू साइमंड्स की एक ख्वाहिश रह गई अधूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एंड्रयू साइमंड्स के अचानक निधन से क्रिकेट वर्ल्ड सदमे में है। सोशल मीडिया से लेकर आईपीएल मैचों तक में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साइमंड्स उन क्रिकेटर्स में शामिल रहे, जो नियम और कनून में बंधकर नहीं, बल्कि अपने अंदाज में जिंदगी जीना पसंद करते थे। हालांकि, इसके बावजूद उनकी कुछ ख्वाहिशें अधूरी रह गईं। उनमें से एक की बात बात उनकी वाइफ लॉरन ने की है। एक इंटरव्यू में लॉरन ने कहा कि साइमंड्स को हमेशा इस बात का पछतावा होता था कि वह यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के लिए नहीं गए और खुद को पर्याप्त रूप से शिक्षित नहीं किया। उसने कहा कि हालांकि, वह हमेशा से सम्मानित डिग्री नहीं होने के बावजूद वह बहुत बुद्धिमान व्यक्ति थे। उन्होंने कहा– वह हमेशा अपनी बुद्धि के बारे में बेहद आत्म–जागरूक महसूस करते थे और कहते थे कि मैं विश्वविद्यालय नहीं गया और मेरे पास डिग्री नहीं है। इसके बावजूद वह बहुत व्यावहारिक और वास्तव में बुद्धिमान थे।

# महिला आईपीएल के लिए टीमों का ऐलान

क्रिकेट

## मिताली राज और झूलन को जगह नहीं, मंधाना, हरमनप्रीत, दीप्ति कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। स्टार भारतीय खिलाड़ी स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा को 23 मई से पुणे में होने वाले महिला टी20 चैलेंज क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सोमवार को तीन टीम का कप्तान बनाया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने प्रत्येक टीम में 16 खिलाड़ियों को जगह दी है। हरमनप्रीत को सुपरनोवाज, मंधाना को ट्रेलब्लेजर्स और दीप्ति को वेलोसिटी की कमान सौंपी गई है। पिछला टूर्नामेंट 2020 में हुआ था जिसे ट्रेलब्लेजर्स ने जीता था। अनुभवी भारतीय क्रिकेटर मिताली राज, झूलन गोस्वामी और शिखा पांडे को किसी टीम में जगह नहीं मिली है। इस प्रदर्शनी टूर्नामेंट में 12 विदेशी खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगी जिसमें दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लॉरा वोलवार्ट और दुनिया की नंबर एक गेंदबाज सोफी





एकलेस्टोन भी शामिल हैं। थाइलैंड की नथाकेन चेनतम दूसरी बार टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली ऑस्ट्रेलिया की एकमात्र खिलाड़ी लेग स्पिनर एलेना किंग हैं जबकि इंग्लैंड की खिलाड़ियों में एकलेस्टोन के अलावा सोफिया डंकले और केट क्रॉस भी शामिल है। बांग्लादेश की सलमा खातून और शरमिन अख्तर को भी चुना गया है। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली वेस्टइंडीज की खिलाड़ी डिएंड्रा डोटिन और हेली मैथ्यूज हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान सुने लुस और वोलवार्ट क्रमशः सुपरनोवाज और वेलोसिटी का प्रतिनिधित्व करेंगी। टूर्नामेंट की सबसे सफल बल्लेबाज केपी नवगिरे और सबसे सफल गेंदबाज आरती केदार वेलोसिटी के लिए खेलेंगी।

**टीम इस प्रकार हैं:** सुपरनोवाज – हरमनप्रीत कौर (कप्तान), तानिया भाटिया, एलेना किंग, आयुष सोनी, चंदू वी, डिएंड्रा डोटिन, हरलीन देओल, मेघना सिंह, मोनिका पटेल, मुस्कान मलिक, पूजा वस्त्रकार, प्रिया पुनिया, राशि कनोजिया, सोफी एक्लेस्टोन, सुने लुस और मानसी जोशी।

**ट्रेलब्लेजर्सः** स्मृति मंधाना (कप्तान), पूनम यादव, अरुंधति रेड्डी, हेली मैथ्यूज, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रियंका प्रियदर्शिनी, राजेश्वरी गायकवाड़, रेणुका सिंह, ऋचा घोष, एस मेघना, सैका इशाक, सलमा खातून, शरमिन अख्तर, सोफिया ब्राउन, सुजाता मलिक और एसबी पोखरकर।

**वेलोसिटीः** दीप्ति शर्मा (कप्तान), स्नेह राणा, शेफाली वर्मा, अयाबोंगा खाका, केपी नवगिरे, कैथरीन क्रॉस, कीर्ति जेम्स, लॉरा वोलवार्ट, माया सोनवणे, नथाकेन चेनतम, राधा यादव, आरती केदार, शिवली शिंदे, सिमरन बहादुर, यस्तिका भाटिया और प्रणवी चंद्रा।

# इंडियन प्रीमियर लीग और विवादों में है गहरा रिश्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग और विवादों में गहरा रिश्ता है। विवाद कभी खिलाड़ियों के बीच होता है तो कभी टूर्नामेंट पर फिक्सिंग का आरोप लग जाता है। अब जबकि टूर्नामेंट का रोमांच चरम पर है तो 2019 में कथित स्पॉट फिक्सिंग के मामले को लेकर CBI ने पाकिस्तान से मिली 'सूचना के आधार' पर सात संदिग्ध सट्टेबाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दूसरी ओर, 2019 का ही एक वीडियो वायरल होने लगा है।

यह वीडियो दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत का है। इसे आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने 2019 में शेयर किया था। वायरल वीडियो में





यह दावा किया जा रहा है कि ऋषभ पंत पहले से ही जानते थे कि कब चौका जाएगा।

दरअसल, कोलकाता नाइटराइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला चल रहा था। नेपाल के संदीप लामिछाने के हाथ में गेंद थी और बल्लेबाज थे रोबिन उथप्पा। गेंद फेंकने से पहले ही पंत कहते हैं यह वैसे भी चौका होगा। ऐसा होता भी है। उथप्पा का इन्नाटेदार शॉट फील्डरों को छकाते हुए सीमारेखा के बाहर चला जाता है। ललित मोदी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा– यह क्या मजाक है.. विश्वास नहीं हो रहा। मैच फिक्सिंग बड़े लेवल पर। कब आईपीएल, बीसीसीआई और आईसीसी जागेंगे। शर्मनाक। अधिकारियों को वाकई में कोई चिंता नहीं है।

उल्लेखनीय है कि इस सीजन का खिताब मुंबई इंडियंस ने जीता था। उसने खिताबी मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को एक रन से हराया था।

## गुजरात से हार के बाद लखनऊ का बढ़ा इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गुजरात को हराकर आइपीएल के प्लेआफ में जगह पक्की करने का शानदार मौका था, लेकिन हार्दिक पांड्या के सामने केएल राहुल की एक नहीं चली और लखनऊ को हार मिली। लखनऊ के अभी 16 अंक हैं और उसे एक लीग मैच और खेलना है। इस मैच में जीत के साथ ये टीम प्लेआफ में पहुंच जाएगी, लेकिन इस टीम को हार मिली तो फिर केएल राहुल को और इंतजार करना पड़ा सकता है क्योंकि कुछ अन्य टीमें भी अपने–अपने मैच जीतकर 16 अंक अर्जित कर सकती हैं।

अब गुजरात के खिलाफ मिली हार के बाद लखनऊ के कप्तान केएल राहुल अपने बल्लेबाजों से नाराज नजर आए। लखनऊ की ये लगातार दूसरी हार थी और इसके बाद राहुल ने कहा कि उनकी टीम के टाप के बल्लेबाजों को थोड़ी जिम्मेदारी लेनी होगी। लखनऊ को शीर्ष दो में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिये बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना बचा हुआ मैच जीतना होगा। राहुल ने कहा कि मैं झूठ नहीं बोलूंगा, हां, थोड़ा दबाव है।

## न्यूज डायरी





### रियान पराग की हरकत, स्टॉयनिस का कैच लेने के बाद किया कुछ ऐसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स की पारी का आखिरी ओवर चल रहा था। राजस्थान रॉयल्स की जीत लगभग पक्की दिख रही थी। मैदान पर मार्कस स्टॉयनिस ही थे, जो कुछ करनामा कर सकते थे। प्रसिद्ध कृष्णा की पहली गेंद पर उन्होंने छक्का उड़ाया तो दूसरी गेंद पर भी कुछ ऐसी ही कोशिश की। हालांकि, गेंद लॉन्गऑन सीमारेखा के करीब रियान पराग के हाथों में जा समाई। कैच लपकने के बाद रियान पराग ने बड़ी ही अजीब हरकत की, जो कॉमेंटेटर्स को भी पसंद नहीं आई। उन्होंने लपकने के बाद गेंद को जमीन के करीब लेकर गए और फिर खड़े होकर अंपायर को इशारा किया कि गेंद जमीन से टच नहीं हुई है। इसे अंपायर का मजाक उड़ाने से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, तब तक स्टॉयनिस डगआउट की ओर बढ़ चुके थे। रियान पराग की यह हरकत किसी को पसंद नहीं आई। इसके बाद राजस्थान 24 रनों से जीत गया।

### अगर धौनी आगे आइपीएल में नहीं खेलना चाहते तो कप्तानी वापस क्यों लेते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में टूर्नामेंट की सबसे सफल टीमों में शामिल चेन्नई सुपर किंग्स का प्रदर्शन नाम के मुताबिक नहीं कहा। टीम प्लेआफ की दौड़ से बाहर है और अब वह सिर्फ सम्मान बचाने के लिए आखिरी मुकाबले में खेलने उतरेगी। इस सीजन की शुरुआत से पहले ही महेंद्र सिंह धौनी ने कप्तानी छोड़ने की घोषणा की थी जिसके बाद रवींद्र जडेजा को यह जिम्मेदारी दी गई। टीम की मिली लगातार हार के बाद टीम की कमान जडेजा ने छोड़ी और धौनी को वापस से कप्तान बना दिया गया। पिछले कई सीजन से इस बारे में बात होती रहती है कि क्या महेंद्र सिंह धौनी अगला सीजन खेलेंगे। इस बारे में पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने बड़ी बेहतरीन बात कही। उन्होंने गुजरात और चेन्नई के बीच हुए मुकाबले के बाद यह साफ कर दिया कि अगर जो धौनी को अगला सीजन नहीं खेलना होता तो वह टीम की कप्तान कभी भी वापस से नहीं स्वीकार करते।

### कोलकाता और हैदराबाद की टीम भी लगभग बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में प्लेआफ की रेस बेहद रोमांचक हो चुकी है। अंक तालिका में पहले स्थान पर गुजरात टाइटंस की टीम काबिज है और वह एक मात्र टीम है जिसने प्लेआफ में जगह पक्की की है। इसके अलावा अब तक किसी और टीम ने क्वालीफाई नहीं किया है। राजस्थान ने लखनऊ के खिलाफ शनिवार को जीत हासिल कर अपनी दावेदारी मजबूत कर ली। इस साल टूर्नामेंट में 8 की जगह 10 टीमें खेलने उतरी थी मुंबई और चेन्नई की टीमें शुरुआती मुकाबले हारने के बाद लगभग बाहर हो चुकी थी। अब कोलकाता और हैदराबाद की टीम भी लगभग बाहर ही मानी जा रही हैं। इस वक्त दो टीमें 16–16 अंकों पर है और तीसरी टीम के भी 16 अंकों तक पहुंचने की पूरी उम्मीद है। ऐसे में 14 अंकों तक पहुंच पाने वाली केकेआर और एसआरएच की दावेदारी खत्म मान सकते हैं।

### आखिर क्या है भारतीय टीम के थॉमस कप जीतने का वॉट्सऐप ग्रुप कनेक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने इंडोनेशिया को 3–0 से हराकर पहली बार खिताब जीतते हुए इतिहास रच दिया। इस अभियान के हीरो रहे किदांबी श्रीकांत ने ट्रॉफी जीतने के बाद एक अहम खुलसा किया है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट से ठीक एक सप्ताह पहले एक ह्वाट्स एप ग्रुप बनाया था, जिसमें टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी भी थे। उन्होंने कहा कि अगर हम यह बात सप्ताहभर पहले कहते तो शायद हास्यास्पद होता। लोग हमारी बातों पर विश्वास नहीं करते, लेकिन हमने कर दिखाया। उन्होंने आगे कहा, यह टूर्नामेंट शुरू होने से एक हफ्ते पहले हुआ था। हमें सिर्फ एक–दूसरे का सपोर्ट करना था जो हमने किया।